
# 24 घंटे में ईरान पर हमले के संकेत

**पहले की शांति की बात अब युद्ध की तैयारी**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोहरे चेहरे से दुनिया हैरान**



**वॉशिंगटन/तेहरान, 23 जनवरी. दुनियाभर में शांति स्थापना की बात करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महज 24 घंटे के भीतर ही ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं.**

अरब सागर से लेकर फारस की खाड़ी तक अमेरिकी युद्धपोतों, फाइटर जेट्स और मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती तेज कर दी गई. वाशिंगटन इसे 'रक्षात्मक कदम' बता रहा है. यूएसएस यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत के नेतृत्व में एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को अरब सागर या फारस की खाड़ी की ओर भेजा जा रहा है. इस समूह में गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर और एक अटैक सबमरीन भी शामिल है. खास बात यह है कि यह जंगी बेड़ा अब ओपन-सोर्स ट्रैकिंग सिस्टम पर दिखाई नहीं दे रहा, जिसे आमतौर पर युद्ध-तैयारी का संकेत माना जाता है. साथ ही अमेरिका ने एफ-15ई स्ट्राइक ईगल और ए-10 थंडरबोल्ट जैसे फाइटर जेट जॉर्डन और कतर स्थित सैन्य ठिकानों पर तैनात कर दिए हैं. हवा में ईंधन भरने की क्षमता के लिए चष्ट-135 एयर टैंकर भी सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे अमेरिकी लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता कई गुना बढ़ गई है. मिसाइल हमलों से बचाव के लिए इज़राइल और क़तर में थाड और पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम पहले से तैनात हैं.

> इन तमाम तैयारियों से साफ है कि अमेरिका केवल संभावित हमले की नहीं, बल्कि जवाबी कार्रवाई से निपटने की भी पूरी तैयारी कर चुका है. हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि यह सब एहतियाती कदम हैं और इसका उद्देश्य अमेरिकी बलों व सहयोगियों की सुरक्षा है. खुद ट्रंप ने भी कहा है कि वह सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं. लेकिन ईरान के क़रीब बढ़ती सैन्य मौजूदगी ने अंतरर्राष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है.

# तीनों सेनाओं की झांकी में दिखाई देगी ऑपरेशन सिंदूर की ताकत की झलक

**नई दिल्ली 23 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर तीनों सेनाओं की झांकी में ऑपरेशन सिंदूर की मारक क्षमता की झलक दिखाई देगी. ऑपरेशन सिंदूर- संयुक्तता के माध्यम से विजय थीम पर आधारितयह झांकी राष्ट्र के विकसित सैन्य सिद्धांत का प्रभावशाली और सशक्त चित्रण होगी जो सटीकता, एकीकरण और स्वदेशी श्रेष्ठता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन को दर्शाती है.**

इसमें भारत की ओर से सख्त संदेश भी दिया गया है कि निर्णायक, संयुक्त और आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति का युग आ चुका है. ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत और विकसित भारत 2047 की दिशा में राष्ट्र की अडिग प्रगति को प्रतिबिंबित किया. यह भविष्य आत्मनिर्भर, समन्वित और अटूट रक्षा क्षमताओं से परिभाषित है. यह झांकी तीनों सेनाओं के समन्वय की इस कहानी को गतिशील और क्रमबद्ध प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करती है. गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतज़ाम किए गए हैं और किसी भी तरह की चूक से बचने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गयी है. दिल्ली पुलिस के अनुसार राजधानी के संवेदनशील इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख सरकारी भवनों के आसपास कड़ी निगरानी की जा रही है.



# सड़कों पर हर तरफ बर्फबारी

▸ तापमान में आई गिरावट, निचले इलाकां में हुई हल्की बारिश

**नई दिल्ली/ नैनीताल, पिथौरागढ़. टिहरी 23 जनवरी. पहाड़ों की रानी कहे जाने वाले शिमला में सीजन व साल का पहला बर्फबारी दिल को मोह लिया है. कुदरत ने आसमान से सफेद फुल बरसाया हैं.**

इसे देखने के लिए लोगों का जमावड़ा हो गया है. सिटी के बाजारों तक फुल में बर्फ ही बर्फ है. सीजन की पहली बर्फबारी को देखकर ऐसा लग रहा जैसे छुट्टी लौट कर आयी है. सीजन की पहली बर्फबारी ने ठंड का असर बढ़ा दिया है. पहाड़ों पर सफेद चादर बिछने से क्षेत्र का नज़ारा बेहद आकर्षक हो गया है. देर रात से ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है. धनोल्टी के साथ-साथ सुरकंडा देवी, कद्दूखाल और नाग टिब्बा क्षेत्र में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई है, जिससे तापमान में खासी गिरावट आई है. वहीं निचले इलाकों में हल्की बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है.

सीजन की पहली बर्फबारी से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को भी आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है.

### कश्मीर, उत्तराखंड में हिमपात, दिल्ली में बारिश

उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को मौसम के बदले मिजाज के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ. कश्मीर घाटी और उत्तराखंड में हिमपात, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण जनजीवन खासा प्रभावित हुआ. कश्मीर घाटी में भारी हिमपात और जम्मू संभाग में मूसलाधार बारिश के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) को यातायात के लिए बंद कर दिया गया.

# नेताजी के विचार हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे

## बसंत पंचमी पर केजरीवाल ने महापुरुषों को किया नमन



**नई दिल्ली, 23 जनवरी. बसंत पंचमी पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए ज्ञान, विवेक और संस्कार की कामना की.**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश साझा कर मां सरस्वती से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद देश और समाज पर बना रहे, ताकि भारत विश्वगुरु बनने की राह पर निरंतर आगे बढ़ सके. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नेताजी के विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे. इसके अलावा केजरीवाल ने शिवसेना के संस्थापक और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रहरी बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर भी उन्हें शत-शत नमन किया. उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके अदम्य साहस और देशप्रेम को आज भी प्रेरणादायक बताया. साथ ही शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर उन्हें मराठी अस्मिता का प्रखर प्रहरी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. केजरीवाल का यह संदेश धार्मिक आस्था, राष्ट्रभक्ति और महान व्यक्तित्वों के स्मरण का एक समन्वित स्वरूप बनकर सामने आया. केजरीवाल ने लिखा कि विद्या और बुद्धि की देवी का आशीर्वाद देश और समाज पर बना रहे, ताकि भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहे. अपने संदेश में केजरीवाल ने बसंत पंचमी को केवल एक धार्मिक पर्व के रूप में नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, शिक्षा और जागरूकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया.

# यूपी में 75 जिलों में काटी बिजली अंधेरा छाते ही बज गया सायरन

▸ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मेगा मॉक ड्रिल

**लखनऊ, 23 जनवरी. यूपी के सभी 75 जिलों में शुक्रवार को ब्लैकआउट हो गया. जैसे ही शाम छह बजे तो बिजली काट दी गई, जिससे पूरे प्रदेश में अंधेरा छा गया और सायरन बजने शुरू हो गए.**

दरअसल पूरे प्रदेश में आतंकी हमलों को लेकर हमेशा तैयार रहने के लिए मॉक ड्रिल की गई है. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित यह 10 मिनट का ब्लैकआउट एक मेगा मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आतंकी गतिविधियों और भविष्य में किसी भी संभावित हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को परखना था.

सायरन बजते ही सड़कों पर पुलिस की सायरन वाली गाड़ियां और प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गईं. बरेली, मेरठ, लखनऊ, कानपुर समेत प्रमुख शहरों में चौराहों पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया. इस दौरान नागरिक सुरक्षा, एडीएआरएफ, एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने समन्वय का प्रदर्शन किया. ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह केवल एक अभ्यास है, जिससे जनता में किसी प्रकार का भय न फैले.

# इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली.** पिछले कुछ दिनों में फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी से जुड़े मामले बढ़ गए हैं. अभी 18 जनवरी को ही दिल्ली से सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी. इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. इंडिगो ने बयान जारी कर कहा है कि एयरक्राफ्ट के टॉयलेट में हाथ से लिखा हुआ एक नोट मिला. हाथ से इस नोट में फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. इस फ्लाइट को पुणे एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा लिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है. इंडिगो की इस फ्लाइट को रात 8.40 बजे पुणे एयरपोर्ट पर लैंड करना था.

## एक नजर में



### बंगलादेश सरकार को उखाड़ फेंकने एकजुट हो : हसीना

**नईदिल्ली, 23 जनवरी.** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को बंगलादेश की मौजूदा एवं अंतरिम सरकार पर देश को अराजकता में धकेलने और लोकतंत्र को गंभीर खतरे में डालने का आरोप लगाया. उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ऑडियो लिंक के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि राष्ट्र को मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली इस कठपुतली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर उठ खड़ा होना चाहिए. उन्होंने 1971 की मुक्ति संग्राम की भावना का समर्थन करने वाली सभी ताकतों से आह्वान किया कि वे यूनुस शासन के विश्वासघाती मंसूबों का डटकर मुकाबला करें.

### पलाश मुच्छल पर लगा धोखाधड़ी का आरोप

**मुंबई, 23 जनवरी.** महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक 34 वर्षीय अभिनेता और निर्माता ने संगीतकार और फिल्म निर्माता पलाश मुच्छल पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से संपर्क किया है. इस मामले में अभी तक कोई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं की गई है. एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निवासी विज्ञान माने ने सांगली के पुलिस अधीक्षक को मुच्छल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एक आवेदन सौंपा. शिकायत के अनुसार, मुच्छल 5 दिसंबर, 2023 को सांगली में माने से मिले थे. जब माने ने फिल्म निर्माण में निवेश करने में रुचि दिखाई, तो मुच्छल ने उन्हें अपनी आगामी परियोजना नजारिया में निर्माता के रूप में निवेश करने का प्रस्ताव दिया. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के बाद, माने 25 लाख रुपये के निवेश पर 12 लाख रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं. मुच्छल ने उन्हें यह भी बताया और फिल्म में एक भूमिका की पेशकश भी की.

### एनआईए ने कई जगहों पर की छापेमारी

**चंडीगढ़, 23 जनवरी.** एनआईए ने 2025 अमृतसर मंदिर ग्रेनेड आतंकी हमले के मामले में चल रही जांच के तहत पंजाब के तीन सीमावर्ती जिलों में 10 जगहों पर छापे मारे है. अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर में मारे गए इन छापों में कई आपत्तिजनक चीजें जब्त की गईं, जिनमें मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस और कई दस्तावेज़ शामिल हैं. यह मामला पिछले साल 14 मार्च की रात को अमृतसर में शेर शाह रोड पर खंडवाला में ठाकुर द्वारा सनातन मंदिर के बाहर हुए धमाके से जुड़ा है. एजेंसी की जांच में बाद में पता चला कि यह हमला कई विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर किया गया था, जिन्होंने इलाके में दहशत फैलाने के लिए विस्फोटक और हथियार मुहैया कराए थे.

# बच गई फ्रांस सरकार अविश्वास प्रस्ताव विफल

**पेरिस.** फ्रांस की सरकार के खिलाफ लाये गए दो अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को गिर गए जिससे प्रधानमंत्री सेबस्टियन लेकोर्नू की सरकार पर मंडरा रहा संकट फिलहाल टल गया है. अविश्वास प्रस्ताव के गिरने से वर्ष 2026 के लिए पूर्ण राज्य बजट को अपनाने की दिशा में एक बड़ी बाधा दूर हो गई है. वामपंथी दल फ्रांस अनबोड द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को 269 सांसदों का समर्थन मिला, जो इसे पारित करने आवश्यक बहुमत से केवल 19 मत कम रहा. वहीं, धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली के पेश किए दूसरे प्रस्ताव को मात्र 142 सांसदों का ही समर्थन मिल सका. इन प्रस्तावों के गिरने के साथ ही लेकोर्नू सरकार ने राहत की सांस ली है.

# 1 .5 लाख करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

▸ अनिल अंबानी को काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के निर्देश

**नई दिल्ली, 23 जनवरी . सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी और अनिल अंबानी ग्रुप को निर्देश दिया है कि वे एक जनहित याचिका पर अपना जवाब यानी काउंटर एफिडेविट दाखिल करें.**

इस याचिका में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए के बड़े बैंक फ्रॉड की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई है. यह मामला चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने है. कोर्ट ने पहले ही इस मामले में नोटिस जारी कर दिया था. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भी आदेश दिया है कि वे इस कथित फ्रॉड मामले में चल रही जांच की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा करें. पीआईएल दाखिल करने वाले ईएएस सरमा, जो पूर्व आईएएस अधिकारी हैं, ने आरोप लगाया है कि अनिल अंबानी ने सरकार और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से अपने सहयोगियों को जानबूझकर दिवालिया बनाकर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान कराया. कोर्ट ने कहा है कि अगर जांच रिपोर्ट पूरी न हो तो एजेंसियां उसे सीलबंद लिफाफे में जमा कर सकती हैं.

# प्रतिस्पर्धा के कारण कपड़ा उद्योग खस्ताहाल

**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगाया आरोप**

**नई दिल्ली, 23 जनवरी. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि टैरिफ, चीनी और बंगलादेशी प्रतिस्पर्धा के कारण कपड़ा उद्योग खस्ताहाल हो गया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर ध्यान देना चाहिए.**

श्री गांधी ने अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प का टैरिफ प्रभाव देखने गारमेंट एक्सपोर्ट फैक्ट्री का दौरा किया और सच देखने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए लिखा मोदी जी, आप जवाबदेह हैं. कृपया इस मामले पर ध्यान आकर्षित करें. भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और हमारा कपड़ा उद्योग दुनिया भर में पसंद किया जाता है. हमारे दर्जी की कलाकारी का सच में कोई मुकाबला नहीं है. फिर भी आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और भय का सामना कर रहा है.

> अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमत और बंगलादेश, चीन से कड़ा मुकाबला हमारे परिधान और कपड़ा निर्यातक हर तरफ से पिस रहे हैं. इसका सीधा असर नौकरियों पर पड़ रहा है क्योंकि इकाइयां बंद हो रही हैं, खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में नौकरियां बंद हो रही हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उद्योग को कोई राहत नहीं दी है या टैरिफ के बारे में कोई बात भी नहीं की है जबकि इस क्षेत्र में 4 .5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय दांव पर हैं. कांग्रेस नेता ने कहा हाल ही में हरियाणा में एक कपड़ा फैक्ट्री के दौरे के दौरान, मैंने हमारे दर्जियों के कौशल और हमारे लोगों की दृढ़ता और महत्वाकांक्षा को प्रत्यक्ष रूप से देखा - उन्हें बस एक ऐसी सरकार चाहिए जो उन्हें वास्तविक समर्थन दे.



# इंदौर की बेटी ने डर्मेटोलॉजी की दुनिया में रचा इतिहास

▸ डॉ. नेहा सोलंकी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का मिला खिताब




**इंदौर, 23 जनवरी. त्वचा-स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता का अलख जगाने के अपने जुनून और अटूट समर्पण की बदौलत इंदौर की बेटी डॉ. नेहा सोलंकी ने विश्वपटल पर एक नया कीर्तिमान रच दिया है.**

वर्तमान में पुणे में प्रैक्टिस कर रहीं डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. नेहा को आधिकारिक रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया है, जो उनके पेशेवर सफर की एक ऐसी गौरवशाली उपलब्धि है. यह सम्मान उन्हें डिकंस्ट्रक्ट द्वारा आयोजित एक विशेष मैराथन सत्र में भागीदारी के लिए दिया गया है, जो पूरे 24 घंटे और 45 मिनट तक बिना किसी विश्राम के निरंतर चला.

### आज का इतिहास

- 1556 – चीन के शानसी प्रांत में भूकंप से आठ लाख से अधिक लोगों की मौत।
- 1826 – पहले भारतीय बैरिस्टर ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का जन्म।
- 1857 – कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1937 – बुल्गारिया और युगोस्लाविया ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर कर लंबे समय से चली आ रही दुश्मनी को खत्म किया।
- 1945 – सुभाष घई – हिन्दी फिल्मों के ख्यातिप्राप्त निर्माता-निर्देशक का जन्म।
- 1950 – 'जन गण मन...' को भारत के राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार किया गया।

# सेवक को डराने या गाली देने का अधिकार नहीं है : हाईकोर्ट

▸ महिला अधिकारी से अभद्र व्यवहार मामले में कांग्रेस नेता की याचिका खारिज



**बेंगलुरु, 23 जनवरी. कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राजीव गौड़ा के खिलाफ दर्ज उस आपराधिक मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन पर महिला नगर आयुक्त को अपशब्द कहने और धमकाने का आरोप लगाया है.**

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अपने आधिकारिक कर्तव्य का पालन कर रही एक महिला लोक सेवक के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना औपचारिक जांच का विषय है. अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानूनी कर्तव्यों का पालन करने वाले लोक सेवक को डराने या गाली देने का अधिकार नहीं है. यह विवाद कल्ट नामक एक कन्नड़ फिल्म के प्रचार से जुड़ा है. आरोप है कि शिदलगट्टा के नेहरू स्टेडियम के इलाकों में बैनर और फ्लेक्स लगाए गए थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था. नगर आयुक्त जी. ने इन बैनरों को हटवा दिया था इस पर गौड़ा ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया.

# मंदिर को एएसआई के अधीन करने की अपील पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली, 23 जनवरी.** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को हिंदू धर्म परिषद द्वारा दायर एक रिट याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें तिरुप्परनकुंद्रम स्थित भगवान मुरुगन (सुब्रमण्यम स्वामी) मंदिर के संपूर्ण नियंत्रण को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और अन्य केंद्रीय प्राधिकरणों को सौंपने की मांग की गई है. याचिका में दीपथून (पत्थर का स्तंभ) के शीर्ष पर स्थित दीपक को 24 घंटे लगातार जलाए रखने का भी निर्देश देने की मांग की गई है. याचिका में यह भी आग्रह किया गया है कि कार्तिगई के पावन पर्व के दिन पूरे तिरुप्परनकुंद्रम पर्वत को दीपों से रोशन किया जाए.

**जयंती** ▸ देश ने पराक्रम दिवस पर सुभाषचंद्र बोस को किया याद

# नेताजी ने देशवासियों में क्रांति की चेतना जगाई

**नई दिल्ली, 23 जनवरी. पराक्रम दिवस पर देशभर में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के अदम्य साहस, निडर नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में पुष्पांजलि अर्पित की, जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने भी नेताजी के योगदान को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा बताया.



> देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम दिवस पर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और उनके अदम्य साहस और भारत की राष्ट्रीय भावना पर उनके स्थायी प्रभाव को याद किया.



> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. श्रीमती मुर्मु ने नेताजी की जयंती पर राष्ट्रपति भवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा देशवासियों में देशप्रेम और क्रांति की चेतना जगाने वाले महान व्यक्ति थे.



> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की. श्री खरगे ने कहा मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण, सांप्रदायिकता के विरुद्ध उनका दृढ़ विरोध, हम सभी को निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है.

# ईडी ने बिर्च रोमियो लेन के मालिकों के ठिकानों पर मारा छापा

**नई दिल्ली, 23 जनवरी.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा में एक क्लब में आग लगने की घटना के मामले में 'बिर्च बाय रोमियो लेन' के मालिकों, लूथरा भाइयों और अजय गुप्ता के घरों और कार्यालयों पर छापे मारे हैं. ये छापे गोवा में गत वर्ष छह दिसंबर को हुई दुखद अग्नि दुर्घटना के बाद क्लब के अवैध कामकाज और इसके प्रमोटरों की भूमिका से जुड़े धन शोधन एंगल की जांच के लिए मारे जा रहे हैं. आग लगने की इस घटना में 25 लोगों की जान चली गयी थी. ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली और गोवा में नौ जगहों पर तलाशी ली जा रही है.

# रिलायंस डिजिटल सेल में मिलेगा सब कुछ

▸ जबरदस्त डील्स, डिस्काउंट, कैशबैक और बहुत कुछ




**मुंबई, 24 जनवरी. अपनी टेक्नोलॉजी और लाइफस्टाइल को अपग्रेड करने का यह बिल्कुल सही समय है, 26 जनवरी, 2026 तक शानदार डील्स उपलब्ध हैं.**

रिलायंस डिजिटल ने अपनी बहुत पसंद की जाने वाली डिजिटल इंडिया सेल की वापसी की घोषणा की है, यह सेल ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस पर शानदार ऑफर्स लेकर आई है. आज से शुरू होने वाली यह सेल 26 जनवरी, 2026 तक चलेगी, ग्राहक 26,000 तक इंस्टंट बैंक डिस्काउंट, कंज़्यूमर ड्यूरेबल लोन पर 30,000 रु. तक कैशबैक, और यूपीआई पेमेंट पर 5 प्रतिशत अनलिमिटेड डिस्काउंट* वाली ज़बरदस्त बचत का फायदा उठा सकते हैं. टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करना, ज़्यादा आसान और किफायती बनाने के लिए डिज़ाइन की गई यह सेल, प्रमुख ब्रांड्स और प्रोडक्ट कैटेगरी में आकर्षक डील्स दे रही है. डिजिटल इंडिया सेल देश भर के सभी रिलायंस डिजिटल और मायजियो स्टोर्स के साथ-साथ पर ऑनलाइन भी उपलब्ध है. ये एक्सक्लूसिव ऑफर्स इंस्टंट सेविंग्स, बैंक कैशबैक और एक्सचेंज बेनिफिट्स का मेल हैं, जो आपको मिलेगा सिर्फ डिजिटल इंडिया सेल में, अब टेक्नोलॉजी में अपग्रेड करना हुआ आसान. रिलायंस डिजिटल के बारे में- रिलायंस डिजिटल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, यह 800 से ज्यादा शहरों में मौजूद है, जिसमें 690 से भी ज्यादा बड़े फॉर्मेट वाले रिलायंस डिजिटल स्टोर्स और 900 से भी ज्यादा माय जियो स्टोर्स हैं, जो देश के कोने-कोने में ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैं और सभी के लिए बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पहुंच में ला रहे हैं.